जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र0/जीविवि/परीक्षा–2/गोप0/2026/344 दिनांक. 06.04.2026

// संशोधित–अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि समस्त **स्नातक (बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी., बी.एस.सी. होम साइंस, बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.टी.एम.)** में **वर्ष 2025** में **प्रथम वर्ष** में प्रवेशित एवं नामांकित छात्रों के लिये छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन कराये जाने हेतु संशोधित–तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैंः–

छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन हेतु कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं शुल्क का विवरण

कक्षाओं के नाम अन्य विवरण		माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल से उत्तीर्ण एवं जीवाजी विश्वविद्यालय अधिकार क्षेत्र से उत्तीर्ण स्नातक/ स्नातकोत्तर विद्यार्थियों हेतु	माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल के अतिरिक्त अन्य किसी बोर्ड से उत्तीर्ण एवं जीवाजी विश्वविद्यालय अधिकार क्षेत्र के बाहर से उत्तीर्ण स्नातक/स्नातकोत्तर विद्यार्थियों हेतु
वर्ष 2025 में प्रथम वर्ष/प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित एवं नामांकित छात्रों के लिये	प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन शुल्क	200/–	400/–
छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन करते समय Application No. के माध्यम से Form नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	––		
छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन विलंब शुल्क रूपये 200/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	––		
छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन विलंब शुल्क रूपये 300/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	11.04.2026		

नोट :– छात्र द्वारा प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन किये जाने के उपरांत महाविद्यालय अंतिम तिथि उपरांत प्रथम कार्य दिवस में ही छात्रों के आवेदन फॉर्म आवश्यक रूप से विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में जमा कराना सुनिश्चित करें।

// आवश्यक निर्देश //

1. छात्रों के छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन फार्म **Applicant ID** एवं **DOB** के द्वारा एम.पी.ऑनलाइन पोर्टल पर प्रदर्शित होगें।
2. समस्त विद्यार्थियों को छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन ऑनलाईन कराना अनिवार्य है।
3. समस्त प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित एवं नामांकित पी0जी0 कोर्स के छात्र/छात्राओं को आवश्यक रूप से छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन एम.पी.ऑनलाईन माध्यम से भरना है ऐसे समस्त छात्र/छात्राएं जो प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन फार्म नहीं भरेंगे वे परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह जावेंगे।

4. उपरोक्त निर्धारित की गई तिथि में किसी भी प्रकार की बढोत्तरी नहीं की जाएगी। निर्धारित तिथि तक ही प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें। यदि छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन के आभाव में कोई छात्र परीक्षा से वंचित होता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं छात्र एवं संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।
5. एम0पी0ऑनलाइन के पोर्टल पर छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन फार्म भरते समय छात्रों को निम्न दस्तावेज लगाना अनिवार्य है।
6. छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का संशय होने की स्थिति में नामांकन शाखा प्रभारी से सम्पर्क कर प्रक्रिया शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करें।

// आवश्यक दस्तावेज //

1. छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन आवेदन पत्र की प्रति।
2. Proof of Date of Birth जन्मतिथि प्रमाण पत्र की प्रति (हाईस्कूल या हायर सैकेण्ड्री की अंकसूची)
3. (10+2) Marksheet स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची परीक्षार्थी द्वारा स्व–प्रमाणित एवं प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षर सील करना अनिवार्य है।
4. Migration Certificate प्रवजन प्रमाण पत्र (यदि छात्र ने (10+2)/स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर की परीक्षा मध्यप्रदेश के बाहरी बोर्ड अथवा अन्य विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है)
5. Eligibility certificate अर्हता प्रमाण–पत्र, मूल निवासी, जाति प्रमाण–पत्र। (यदि छात्र ने (10+2)/स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर की परीक्षा मध्यप्रदेश के बाहरी बोर्ड/विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है)
6. Gap Certificate (अगर छात्र का पिछली परीक्षा तथा वर्तमान प्रवेश के मध्य कोई अन्तराल रहा है)
7. **छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन आवेदन पत्र जमा करते समय महाविद्यालय सीट संख्या तथा सम्बद्धता का पत्र आवश्यक रूप से संलग्न करें अन्यथा महाविद्यालय के आवेदन पत्र जमा नहीं किए जा सकेंगे।**
8. **छात्र प्रोफाईल एवं रजिस्ट्रेशन फार्म में गलत जानकारी पाये जाने पर पूर्ण जिम्मेदारी छात्र एवं संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।**

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि–

1. प्राचार्य, समस्त संबंधित महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर।
2. विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, समस्त संबंधित अध्ययनशाला, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलपति जी के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
4. कुलसचिव के निज सहायक,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
5. उप–कुलसचिव/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा), जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
6. नामांकन शाखा, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
7. श्री एच.के. द्विवेदी प्रभारी आई.टी. सैल, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहा0कुलसचिव(परीक्षा/गोप)